दिनांक : 23.07.2025 समय : 07.10AM

**प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी, भोपाल**

**प्रात:कालीन समाचार**

सबसे पहले इस बुलेटिन के मुख्य समाचार :-

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज ब्रिटेन पहुंचेंगे। दोनों देशों के बीच द्विपक्षी संबंधों पर होगी बातचीत।
- मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा राज्य सरकार प्रदेश में औद्योगिक विकास के लिये प्रतिबद्ध, कल होगा 5 औद्योगिक इकाईयों का भूमिपूजन।
- भारत ने अपने हवाई क्षेत्र में पाकिस्तानी विमानों पर प्रतिबंध 23 अगस्त तक बढ़ाया।
- महिला क्रिकेट के तीसरे एक दिवसीय मैच में भारत ने इंग्लैंड को 13 रनों से हराकर श्रृंखला 2-1 से जीती।

---------------------------------------------

प्रधानमंत्री विदेश दौरा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज शाम राजकीय यात्रा पर ब्रिटेन पहुंचेंगे। इस यात्रा का उद्देश्य भारत और ब्रिटेन के द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करना है। श्री मोदी की यह यात्रा ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर के निमंत्रण पर हो रही है। इस दौरान दोनों नेता क्षेत्रीय और वैश्विक महत्व के मुद्दों पर वार्ता करेंगे। लंदन में आकाशवाणी संवाददाता से बातचीत में ब्रिटेन में भारत के उच्चायुक्त विक्रम कुमार दोराईस्वामी ने कहा कि प्रधानमंत्री की यह यात्रा दोनों देशों के लिए लाभप्रद होगी। उन्होंने यह भी कहा कि इस दौरान मुक्त व्यापार समझौते पर भी हस्ताक्षर होने की संभावना है जिसका दोनों देशों की अर्थव्यवस्था पर सकारात्मक प्रभाव पडेगा।

श्री दोराईस्वामी ने कहा कि यह मुक्त व्यापार समझौता भविष्य के लिए नई साझेदारी पर केन्द्रित होगा। उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री मोदी दोनों देशों के बीच संबंधों को सुदृढ़ करने के लिए अत्यंत प्रतिबद्ध है।

औद्योगिक इकाइयों का भूमि-पूजन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि राज्य सरकार युवाओं और बहनों के रोजगार के लिए संकल्पित है। इस दिशा में राज्य सरकार द्वारा निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। कल भोपाल जिले के औद्योगिक क्षेत्र अचारपुरा में पांच औद्योगिक इकाइयों का भूमि-पूजन किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि उन्होंने हाल ही में स्पेन और दुबई की यात्रा में अनेक निवेशकों को मध्यप्रदेश में निवेश के लिए आमंत्रित किया है। मध्यप्रदेश में वर्ष 2025 उद्योग और रोजगार वर्ष है। गांव से लेकर शहरों तक समृद्धि लाना, स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाना और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के लिए निर्णायक भूमिका निभा कर मध्यप्रदेश ने नए औद्योगिक युग की शुरूआत की है।

---------------------------------------------

हवाई क्षेत्र-प्रतिबंध

भारत ने अपने हवाई क्षेत्र में पाकिस्तानी विमानों की आवाजाही पर प्रतिबंध 23 अगस्त तक बढ़ा दिया है। केंद्रीय नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल ने बताया कि पाकिस्तानी विमानों के भारतीय हवाई क्षेत्र में प्रवेश पर प्रतिबंध लगाने वाले नोटिस टू एयरमेन को आधिकारिक तौर पर 23 अगस्त 2025 तक बढ़ा दिया गया है। उन्होंने कहा कि यह निर्णय रणनीतिक दृष्टिकोण और मौजूदा सुरक्षा प्रोटोकॉल के अनुरूप है। यह कार्रवाई पाकिस्तान के अपने हवाई क्षेत्र में भारतीय उड़ानों पर रोक लगाने के पहले लिए गए फैसले के बाद की गई है।

---------------------------------------------

राष्ट्रीय कार्यशाला

राज्यपाल मंगुभाई पटेल एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की उपस्थिति में आज विकसित भारत-2047 अंतर्गत रोजगार आधारित शिक्षा : रुझान एवं नए अवसर विषयक एक दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का कुशाभाऊ ठाकरे सभागार भोपाल में शुभारंभ होगा। उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री इन्दर सिंह परमार भी सहभागिता करेंगे।

---------------------------------------------

बाढ़ समीक्षा-मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि अतिवर्षा और बाढ़ की स्थिति में जान-माल की हानि न हो, यह सुनिश्चित करने के लिए समय रहते सूचना-तंत्र की पुख्ता व्यवस्था की जाए। राज्य शासन जनसामान्य की सुरक्षा के प्रति संवेदनशील है। बाढ़ उन्मुख नदियों के लेवल पर लगातार निगरानी रखी जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव प्रदेश में अतिवृष्टि एवं बाढ़ के दृष्टिगत आवश्यक तैयारियों की मंत्रालय में समीक्षा कर रहे थे।

---------------------------------------------

"तन्वी द ग्रेट" फिल्म-कर मुक्त

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश में फिल्म "तन्वी द ग्रेट" कर मुक्त होगी। मध्यप्रदेश शासन द्वारा ऐसी सार्थक फिल्मों को प्रोत्साहित किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने फिल्म अभिनेता और निर्देशक अनुपम खेर के साथ कल रात्रि भोपाल में फिल्म "तन्वी द ग्रेट" का विशेष प्रदर्शन देखा।

---------------------------------------------

दस्तक अभियान

प्रदेश में दस्तक अभियान का प्रथम चरण कल से शुरू हो गया है। यह अभियान 16 सितंबर तक चलेगा। अभियान में बच्चों के स्वास्थ्य से जुड़ी विभिन्न सेवाएं प्रदान की जाएगी। स्वास्थ्यकर्मियों द्वारा घर-घर जाकर बच्चों की जांच की जाएगी। पांच साल तक के बच्चों में निमोनिया, गंभीर कुपोषण, एनीमिया और दस्त रोग की पहचान की जाएगी। सीहोर, खंडवा, श्योपुर, अशोकनगर, गुना जिला अस्पताल में बच्चों को विटामिन ए की पूरक दवा पिलाकर अभियान का शुभारंभ किया गया।

---------------------------------------------

महिला क्रिकेट

भारत ने तीन मैचों की महिला एक दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट श्रृंखला जीत ली है। चेस्टर-ले-स्ट्रीट में खेले गए अंतिम मैच में इंग्लैंड को 13 रन से हराकर भारत ने श्रृंखला 2-1 से अपने नाम कर ली।

भारतीय टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 50 ओवर में 5 विकेट पर 318 रन का विशाल स्कोर बनाया। इस बेहतरीन बल्लेबाजी से इंगलैंड को 319 रनों का चुनौतीपूर्ण लक्ष्य का सामना करना पड़ा लेकिन इस रोमांचक मैच में उसकी टीम 49 ओवर और 5 गेंद में 305 रन ही बना पाई।

भारत की कप्तान हरमनप्रीत ने 84 गेंदों पर 102 रनों की शानदार पारी खेली और क्रांति गौड़ ने छह विकेट लिए। हरमनप्रीत को श्रृंखला में शानदार प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ़ द मैच और सीरीज़ ऑफ़ द मैच घोषित किया गया।

---------------------------------------------

मौसम

प्रदेश में अल्प विराम के बाद बादल फिर बरसे। राजधानी भोपाल में कल जमकर बारिश हुई। मौसम विभाग ने आज और कल के लिए जबलपुर समेत 12 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। आज भी भोपाल के कुछ हिस्सों में पानी गिर रहा है। मौसम विभाग के अनुसार, साइक्लोनिक सर्कुलेशन सिस्टम की वजह से अगले चार दिन तक भारी बारिश का दौर रहने वाला है। वहीं, मानसून ट्रफ लाइन भी एक्टिव है। दूसरी ओर, गुरूवार से बंगाल की खाड़ी में नया लो प्रेशर एरिया सक्रिय हो रहा है। इसका असर भी प्रदेश में देखने को मिलेगा। इस बीच प्रदेश में अब तक औसत 20.7 इंच बारिश हो चुकी है।

---------------------------------------------

अब कुछ समाचार संक्षेप में .....

- नर्मदापुरम जिले में झंडा दिवस पर कल नर्मदा तट के प्रसिद्ध सेठानी घाट पर राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे का अंगीकरण दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया।

- शिवपुरी में कल जिलाधीश कार्यालय के सभाकक्ष में जनसुनवाई के दौरान कलेक्टर रवींद्र कुमार चौधरी ने जिले भर से आए 162 आवेदकों की समस्याएं सुनकर समाधान के निर्देश दिए।
- खंडवा जिले में नगर निगम खंडवा द्वारा कल अरविंद कुमार नितिन कुमार हायर सेकेंडरी स्कूल में एक महत्वपूर्ण कार्यशाला एवं जन-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
- आगरमालवा जिले के विमुक्त, घुमंतू एवं अर्ध घुमंतु समुदाय के विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए ऑनलाइन और रूम कोचिंग के लिए आवेदन 3 अगस्त तक किए जा सकेंगे।

---------------------------------------------